

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 112 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 21 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....    पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार    पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# बम-बम भोले के जयघोष के साथ मुंडारा से श्रद्धा भक्ति के साथ निकली कांवड़ यात्रा

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी की समृद्धि की कामनाओं के साथ कांवड लेकर किया पद यात्रा







सिवनी यशोः- श्रवण के पवित्र माह में भागवान शंकर की विशेष आराधना का महत्व बताया गया है । जिले में बैनगंगा के उद्गम स्थल मुंडारा से पवित्र जल लेकर ब्र हलीन पूज्य शंकराचार्य स्वामी स्वरूपा नंद जी द्वार स्थापित विश्व के सबसे बड़े स्फटिक शिवलिंग पर यह जल अर्पित किया जाता है पिछले कई वर्षो से प्रारंभ इस क्रम को जिले में बड़ी श्रद्धा के साथ किया जाता है । इसी क्रम सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के संयोजकत्व में दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है । रविवार की सुबह बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने मुंडारा पहुँचकर गंगा जी का पवित्र जल अपनी कांवडों में लेकर बम-बम भोले के जयघोष के साथ गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी के लिए यात्रा का शुभारंभ किया । आस्था की कांवड़ यात्रा मे शिवभक्तों के संग सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कांवड़िये के रुप मे सभी के सुख, शांति, समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ कांधे पर कांवड लेकर धर्म ध्वजा लहराते हुए पद यात्रा किया। ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास के पावन अवसर पर मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी तक निकाली जाने वाली शिव भक्त कांवड़ियों की दो दिवसीय कांवड यात्रा आज 20 अगस्त, दिन रविवार को श्रावण शु ल पक्ष, हस्त नक्षत्र चतुर्थी, साधना योग मे प्रातः 10:00 बजे चौघड़िया शुभ मुहूर्त मे आरंभ की गयी।

यात्रा आरंभ होने के पूर्व मे सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राय सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मां बैनगंगा के निर्मल जल मे पुण्य स्नान किया गया। तत्पश्चात धर्मवीर पंडित अजीत तिवारी के मुखारविंद से प्रवाहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां बैनगंगा का विधिवत दूग्ध अभिषेक, पूजन व अलौकिक भव्य आरती की गयी तथा नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत विधायक श्री राय ने श्रद्धालुओं के साथ उदगम स्थल की परिक्रमा कर सभी के सुख, शांति व समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ कांधे पर कांवड लेकर धर्म ध्वजा लहराते हुए बम-बम भोले के जयघोष से धर्म और आस्था की पवित्र कांवड यात्रा आरंभ की । श्रद्धालु बम बम भोले के जयघोष के साथ उत्साह के साथ नाचते हुये यात्रा में भक्तिपूर्वक शामिल हुये ।

यात्रा अपने पूर्व निर्धारित ग्राम छीतापार, गोंडेगांव से ग्राम कलबोडी के श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना उपरांत ग्राम गोपालगंज, बडकुमारी, मोहगांव से होते हुए प्रथम दिवस संध्या समय मातृधाम कातलबोडी पहुंचकर मंदिर में विराजित माता त्रिपुरसुंदरी की आराधना की गयी। इसके उपरांत विधायक श्री राय की ओर से श्रद्धालुगणों के लिए आयोजित रात्रि भोजन प्रसाद उपरांत व विश्राम किया गया।

यात्रा के दौरान थरेली चौराह लामाज्योति में श्री राय की ओर से शिव भक्तों को नवीन टी-शर्ट्स, गमछे व साड़ियों एवं दोपहर भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात 21 अगस्त सोमवार को विधायक दिनेश राय मुनमुन शिव भक्त कांवड़ियों के साथ प्रातः काल मंदिर मे माता रानी के दर्शन व पूजन के पश्चात पुनः कांवड यात्रा प्रारंभ कर ग्राम करहैया, जैतपुर, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौड़ा होते हुए गुरुरत्नेश्वर धाम दिघौरी पहुंचेंगे। जहां पर कांवण मे भरकर लाये गये मां बैनगंगा के पवित्र जल से विराजमान भगवान भोलेनाथ के विश्व प्रसिद्ध पारदर्शी स्फटिक शिवलिंग का प्रकांण्ड विद्वानों के मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन व श्रद्धालुगणों द्वारा पूज्यपाद जगतगरु स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात श्री राय की ओर से भक्तजनों के लिए आयोजित भोजन प्रसाद के बाद कांवड़ यात्रा का समापन किया जाएगा। उक्त यात्रा मे बडी सं या मे शिव भक्त श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## ओएमजी-2 में सिवनी के कृष्णपाल ने गाया गाना

सिवनी यशोः- सिवनी के एक युवक के बनाए गए गीत को ओएमजी-2 फिल्म में शामिल किया गया है। इसे लाखों लोग यूट्यूब में देख रहे हैं। फिल्म ओएमजी-2 के प्रमोशन में सिवनी के उभरते हुए 23 वर्षीय संगीतकार और गायक कृष्णपाल सिंह बघेल 'कश' का महादेवा गाना लिया गया है। कृष्णपाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के दौरान तैयार किया 'महादेवा' गीत अक्षय कुमार को काफी पसंद आया। इसके बाद ये गाना फिल्म में भी आ गया।

कृष्णपाल ने बताया कि गीत-संगीत से खास लगाव के चलते सिवनी के घर में रहकर ही इस गाने को तैयार किया। फिल्म के प्रमोशन में ढाई मिनट के 'महादेवा' गीत ने लॉन्च होते ही इंटरनेट मीडिया पर धूम मचा दी। यह बेहद लोकप्रिय हो रहा है। कृष्णपाल सिंह बघेल की आवाज में गाए इस गीत को यूजिक कंपनी ने शुक्रवार को जारी किया है। सिर्फ 24 घंटे के भीतर इंटरनेट मीडिया पर 20 लाख से ज्यादा लोग इस गाने को देख और सुन चुके हैं।

## कंटेनर की टक्कर से कार के परखच्चे उड़े; कुरई से जबलपुर जा रही महिला की मौत

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के लखनादौन थाना अंतर्गत ब होडी बाइपास में एक सड़क हादसा हो गया। जहां एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। महिला का पति ग भीर घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने लखनादौन पुलिस और 108 वाहन मेंदी। जहां पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक तथा घायल को सिविल अस्पताल लखनादौन लाया गया है।

## कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष बने दुबे

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार म.प्र.कांग्रेस के उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया के अनुमोदन से कृष्णकांत दुबे ग्राम पंचायत जाम, पो. बिरहोली, तह. बरघाट को जिला कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ में कार्यकारी अध्यक्ष सिवनी के पद पर नियुक्त किया गया है। कृष्णकांत दुबे की इस नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह, बरघाट विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, बरघाट ब्लाक अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, जिला अध्यक्ष ध्रुवनारायण चैधरी सहित कांग्रेस जन ने बधाई प्रेषित कर आशा व्यक्त की है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमति सोनिया गांधी, राहुल गांधी जी की मंशानुसार कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

# समृद्ध राष्ट्र के लिये भाजपा को जिताएँ - प्रताप सिंह

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को एक नई दिशा है भ्रष्टाचार और घोटालों की पहचान को समाप्त कर विकास और गरीब कल्याण के ऐतिहासिक कार्य कर दुनिया को एहसास करा दिया कि भारत कमजोर नहीं दुनिया को दिशा देने वाला सशक्त और समृद्ध राष्ट्र है । आप मोदी जी की महान विकास यात्रा में सहयोग करें। हम चाहते है की चुनाव विकास और गरीब कल्याण के मुद्दे पर हो आम जनता विपक्षियों की भ्रामक बातों से भटके नहीं इस बात को सुनिश्चित करने के लिये भाजपा का एक एक कार्यकर्त्ता पूरी ताकत से जुट जाये



। उक्ताशय की बात सिवनी विधानसभा में पहुँचे प्रवासी विधायक योजना के तहत महाराष्ट्र प्रदेश के विधायक प्रताप सिंह अडसड ने सिवनी उत्तर मंडल की मंडल कार्यसमिति के कार्यकर्त्ताओं से कही ।

श्री प्रताप सिंह ने विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति के साथ उत्तर मंडल के कार्यकर्त्ताओं सहित अनेक स्तर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अलग अलग बैठको के माध्यम चर्चा की ।

विधायक प्रवासी योजना के तहत सिवनी उत्तर मंडल में हुये कार्यक्रम के संबंध में बताया गया है कि विधायक प्रताप सिंह ने मोर्चा प्रकोष्ठों की कार्यसमिति की बैठके लेने के पश्चात संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत दैनिक दलसागर के संपादक प्रमोद शर्मा , दैनिक सुदूर संदेश के संपादक अशोक आहूजा, विश्व हिन्दु परिषद के अखिलेश चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिको से भेंट की तत्पश्चात अनेक वार्डो में पहुँचकर लाभार्थियों से भैंट की । प्रवासी विधायक ने उत्तर मंडल के बूथ स्तर तक पदाधिकारियों से चर्चा कर भाजपा की ताकत बनने की आवश्यकता पर जोर दिया ।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, लालमणी राय, जिला मंत्री डां. अभिजीत चौहान, पीयुष दुबे, उत्तर नगर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी, सोशल मीडिया के प्रभारी आशीष सोनी सहित नगर मंडल एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# लड्डू गोपाल के पूजन साथ मनाया हरियाली तीज उत्सव

सिवनी यशोः- अग्रसेन महिला एकता मंच के तत्वावधान में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने 19 अगस्त शनिवार को हरियाली



तीज जबलपुर रोड स्थित अग्रोहा सेलीब्रेशन में मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी नवविवाहित बहू बेटियों ने तीज उत्सव में हिस्सा लिया। नवविवाहिताओं व विभिन्न डांस ग्रुप द्वारा आकर्षक नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं व बच्चों ने तीज कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों व महिला एकता मंच की महिलाओं ने लड्डू गोपाल श्रीकृष्ण कन्हैया के पूजन आरती के साथ किया। मंच में पहुंची नवविवाहित बहू-बेटियों ने फनी इंट्रोडे शन के जरिए अपना, पति व ससुराल का परिचय दिया। सभी बहू-बेटियों को अग्रसेन महिला एकता मंच द्वारा उपहार दिया गया। इस दौरान नवविवाहित बहू-बेटियों के लिए विभिन्न मनोरंजक व ज्ञानवर्धन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रोचक सवालों का जवाब देने वाली महिलाओं, बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में नवविवाहित बहू-बेटियों के अलावा महिला डांस ग्रुप ने एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी।तीज झूले का महिलाओं व बच्चों ने भरपूर आनंद लिया।

### सप्राइज गेम में पूछे सवाल

आरती पूजन के बाद अग्रसेन महिला एकता मंच की अध्यक्ष श्रीमती शीतल मनीष अग्रवाल व सभी सदस्यों ने अग्रवाल समाज समिति सिवनी के अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश अग्रवाल, श्री सल्लू अग्रवाल, प्रवक्ता श्री संजय अग्रवाल, श्री बसंत अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल, श्री अरूण अग्रवाल, श्रीमती शारदा अग्रवाल, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्रीमती तृप्ति अग्रवाल सहित उपस्थित सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। श्रीमती शीतल अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, श्रीमती आरती अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए उपस्थितजनों का खूब मनोरंजन किया। उपस्थितजनों के लिए सप्राइज गेम में रोचक सवालों के साथ बच्चों ने अलग-अलग ग्रुप में हिस्सा लिया। सही जवाब देने वाले बच्चों व महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

### सुमधुर गीतों ने बांधा समां

आकर्षक डांस व मनोरंजक कार्यक्रमों का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में महिलाओं के अलग-अलग ग्रुप ने सावन के सुमधुर गीतों पर पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही राजस्थानी मारवाड़ी वेश भूषा में सजी महिला ग्रुप द्वारा श्रीकृष्ण-राधा का चित्रण करते हुए आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। बड़ी सं या में उपस्थित समाज की महिलाओं, युवतियों व बच्चों ने मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

# भाजपा की जीत सुनिश्चित करने जनसंवाद महत्वपूर्ण - सातपुरे

## प्रदेश व्यापी विधायक प्रवास के तहत सातपुरे पहुँचे छपारा





सिवनी यशोः- प्रदेश व्यापी विधायक प्रवास कार्यक्रम का सिवनी में शुभारंभ हो गया है जिले की केवलारी विधानसभा के प्रवास के दौरान महाराष्ट्र प्रदेश की सोलापुर विधानसभा से विधायक श्री राम सातपुरे ने रविवार को छपारा मंडल के छपारा नगर में भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान के साथ अनेक संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के लिये पार्टी जनों एवं आमजनों से संवाद किया । विधायक श्री सातपुरे ने अपने प्रथम दिवस के कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम छपारा मंडल की कार्यसमिति की बैठक ली और कार्यकर्त्ताओं से कहा कि विधानसभा स्तर पर बूथ स्तर तक कार्यकर्त्ताओं की आप सभी ताकत खड़ी है वहीं भाजपा की नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने आमजनों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिये गरीब कल्याण और विकास के ऐतिहासिक कार्य किये है इन कार्यो को हम सभी गौरव के साथ आमजनता को बताते हुये भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिये व्यापक जनसंवाद स्थापित करें ओर विरोधियों के भ्रम को दूर करने की ठोस रणनीति के आधार पर कार्य करें ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने विधायक प्रवास कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि प्रदेश व्यापी इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी विधानसभाओं में आठ दिनों तक अन्य प्रदेशों के विधायक प्रवास कर भाजपा कार्यकर्त्ताओं एवं आमजनों से संपर्क कर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय योजना के अनुसार प्रवास पर है । इसी प्रवासी योजना के तहत केवलारी विधानसभा के छपारा मंडल में रविवार को प्रवासी विधायक श्री सातपुरे ने मंडल कार्यसमिति की बैठक ली उसके पश्चात संगठन के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यकर्त्ताओं जीत के संकल्प के साथ कार्य करने का मंत्र दिया और फिर संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत नगर में निवासरत सेवनिवृत शासकीय कर्मचारी अधिकारियों के निवास पर पहुँचकर उनसे संवाद किया और फिर एक समूह बैठक ली जिसमें व्यापारी, कृषक, श्रमिक एवं प्रतिष्ठजन उपस्थित रहे । श्री सातपुरे ने नगर के वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा द्वारा आयोजित हितग्राही स मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की और उनमें से पात्र हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र सौंपे । कार्यक्रम के अंत में भाजपा के वरिष्ठ कार्यर्त्ताओं एवं भाजपा के पार्षदों से संगठन के संबंध में चर्चा की और सभी से पूरी क्षमता के साथ भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की बात कही।

रविवार को विधायक सातपुरे के प्रवास के दौरान जिला उपाध्यक्ष श्री राम ठाकुर, जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, विधानसभा के सह प्रभारी शिवकांत सिंह, मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव,मोर्चा के अध्यक्ष मो. शाहिद खान, मंडल उपाध्यक्ष नीरज दुबे, नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल एवं मंडल के मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । विधायक प्रवास कार्यक्र के तहत सोमवार को विधायक श्री सातपुरे केवलारी विधानसभा क्षेत्र के धनैरा मंडल में संपर्क करेंगे ।

# आंदोलन स्थल पर आज होगा भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक

### सहकारी कर्मचारियों की वेतमान को लेकर छह दिन से जारी है निरंतर हड़ताल

सिवनी यशोः- अपनी मांगों को लेकर मध्यप्रदेश के सहकारिता समिति कर्मचारी अब आर/पार की लड़ाई के मूड में है।शासकीय कर्मचारी घोषित



करने सहित अपनी 01 सूत्रीय मांगों के समर्थन में करीब 06 दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हड़ताली सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर आज सोमवार को आंदोलन स्थल पर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पंडित रामेश्वरनन्द शास्त्री जी के माध्यम से करवाया जाएगा। रुद्राभिषेक समापन उपरांत समस्त कर्मचारियों द्वारा भगवान भोलेनाथ से अपनी 01 सूत्रीय मांग पूरी करने की प्रार्थना की जायेगी। 'बिना सहकार,नहीं उद्धार' यह नारा अे सर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के मुंह से आपने कई बार सुना होगा। लेकिन सहकारिता की मूल भावना को जो लोग कार्यान्वित करते हैं, वे किस तरह की जिंदगी बिता रहे हैं, इसका किसी को अंदाज भी नहीं। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ लगातार सरकार से निवेदन करता रहा है कि उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ।सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन कर उनको धरातल पर पहुंचाने का काम यही लोग करते हैं। जिला अध्यक्ष वंशी ठाकुर का कहना है कि हमारी सर्वप्रमुख मांग पै स सहकारी संस्थाओं में कार्यरत प्रभारी प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक,लिपिक, कैशियर, विक्रेता, कनिष्ठ विक्रेता, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य,चौकीदार सहित आदि कर्मचारियों को वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार कार्य के अनुरूप वेतनमान लागू कर तत्काल उसका लाभ प्रदाय किया जाये।

## जबरन नॉलेज



# क युनिस्ट चीन को छोड़ रही है बहुराष्ट्रीय कंपनियां

भूपेन्द्र भारतीय-

भारत में पिछले छः वर्ष का सबसे बड़ा निवेश इस वर्ष की तिमाही में ही आ गया है। 2023 में अब तक 1. 47 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश शेयर बाजार में आ चुका है। जो पिछले 6 साल से ज्यादा है इनमें अभी 9 अरब डॉलर मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आ चुके थे। इसकी बड़ी वजह है कि दुनिया सप्लाई के लिए चीन पर निर्भरता घटाना चाहती है इसलिए बड़ी कंपनी वहां से निकल रही है।

विदेशी-निवेशक अगले 10 साल में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर ज्यादा आशान्वित नहीं है। वे भारत में भविष्य देख रहे हैं इनमें अमेरिकी और यूरोपीय निवेशक भी है। विदेशी निवेशकों ने मई में चीन के बाजारों से 17.1अरब डॉलर के शेयर बेचे। पिछले साल मई में ही है आंकड़ा 65. 9 करोड डॉलर था। इस स्थिति के पीछे क युनिस्ट पार्टी का व्यापारियों व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रति दबाव की नीति व चीन में आर्थिक क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों का भारी आभाव प्रमुख कारण है। इसलिए न सिर्फ कोविड महामारी के समय से ही बल्कि उसके बाद अब तक क युनिस्ट चीन से कंपनियाँ भाग रही है।

वहीं बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से भागना शी जिनपिंग की सरकार को कितना अखर रहा है, वह इस नुकसान की भरपाई करने व अपनी सरकार के निरंकुश तंत्र को अच्छा दिखाने के लिए अपने मीडिया में खबरें चलाता है, जिसका उदाहरण चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइ स के संपादकीय से लिया जा सकता है।

विगत दिनों ग्लोबल टाइ स लिखता है- ÷अब इसमें तनिक भी शक की गुंजाइश नहीं कि चीन अब आर्थिक प्रगति की राह पर लौट आया है और वह फिर से वैश्विक पटल पर एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित हो रहा है, ऐसे में यह देखना विचित्र लगता है कि कुछ विदेशी कंपनियां अपने आर्थिक फैसले, धारा के विपरीत ले रही हैं।÷

यही नहीं लिविंगस्टोन ने यहां तक कहा कि हम एक दशक से यह ट्रेंड देख रहे हैं कि चीन से निकलकर कंपनियां मैं सको और वियतनाम आदि देशों में जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि वे इले ट्रानिक चिप के बिजनेस को भी चीन से बाहर जाते देख रहे हैं। `योंकि पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह से चीन ने कोविड के दौरान फोन से लेकर कार तक की इले ट्रानिक चिप की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी।



चीन से अब इले ट्रानि स चिप की कंपनियां अपना बोरिया बिस्तर समेट रही हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित कंपनी एप्पल ने इस काम को पहले कर दिया। इसके अलावा गूगल, अमेजन, सैमसंग व वोल्वो ने भी चीन से निकलना शुरू कर दिया है। सीएनबीसी के अनुसार चीन इस समय न केवल इले ट्रोनि स, बल्कि परिधान, फुटवियर, फर्नीचर और ट्रेवेल गुड्स का बिजनेस भी खो रहा है। अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो डेरेक स्कीजर्स का कहना है कि कमजोर होती चीनी अर्थव्यवस्था, कोविड के कड़े नियम, बदले की कारवाई के तहत व्यापार संबंधी प्रतिबंध और क युनिस्ट चीन की कई मोर्चों पर युद्ध जैसी स्थिति के बाद चीन में अब बिजनेस करना काफी कठिन हो गया है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से मोह भंग एक दिन में नहीं हुआ है। क युनिस्ट चीन में इसकी एक दल व एक व्यक्ति की सरकार द्वारा मानवाधिकार का हनन, बौद्धिक संपदा की चोरी, व्यापार पर कई प्रकार के प्रतिबंध, बाजार में मनमाफिक घालमेल और कंपनियों के बोर्ड में चीनी क युनिस्ट पार्टी के सदस्यों का अनिवार्य प्रवेश ये सब बाहर की कंपनियां लगातार झेल रही हैं और अब ये उनको नागवार गुजर रहा है। फिर चीन का लेबर मार्केट सिकुड़ रहा है। चीन का कामगार बुजुर्ग हो रहा है। गरीबी पर काबू पाने के बाद से चीन में मजदूरों का मिलना भी मुश्किल हो रहा है। विश्व मीडिया के अनुसार स्वयं के द्वारा फैलाई गई कोविड महामारी के दौरान कठोर लॉक डाउन ने चीनी मजदूरों के पलायन को काफी बढ़ा दिया है।

अमेरिकी इंवेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कंपनियों के लिए भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने के अनुकूल हालात हैं। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, दुनिया की बड़ी कंपनियां जोखिम कम करने और चीन-अमेरिका जैसे बड़े देशों की तकरार से बचने के लिए सप्लाई चेन में तब्दीली ला रही हैं। इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत, मैं सको और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों को मिलेगा। जिसके चलते 8 साल में ही भारत में मैन्युफैक्चरिंग बेस तीन गुना तक हो सकता है। मॉर्गन स्टेनली के अधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में भारत ढेर सारे वस्तुओं का निर्माण ( मैन्युफैक्चरिंग) करेगा। इससे पहले जब ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हुआ था, तो कई अमेरिकन कंपनियां चीन छोड़कर दूसरे देशों में जाने लगीं। इनमें से कई कंपनियों ने भारत में अपने द तर खोले। विगत दिनों यहां एपल का भी द तर खुल चुका है।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ कहते हैं कि ट्रेड वॉर ( व्यापार युद्ध ) अभी खत्म नहीं हुआ है। चीन ने कई अमेरिकी वस्तुओं को प्रतिबंधित कर दिया है, उधर अमेरिका में भी कई राज्यों ने टिकटॉक सहित अन्य चीनी एप्स पर बैन लगाया है। वहां चीन के ऐप्स की पहुंच ही सीमित नहीं की जा रही, अपितु चाइनीज प्रौद्योगिकी की पहुंच को भी बाधित किया जा रहा है।

चीन में उद्योगपतियों पर शी जिनपिंग की सरकार लगातार शिकंजा कस रही है। क युनिस्ट दलों व इस विचारधारा के संस्थानों की शुरू से यही कार्यशैली रही है। इससे बचने के लिए देश के अमीर लोग चीन छोड़कर सिंगापुर भाग रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के कई बड़े उद्योगपतियों ने हाल ही में अपनी संपत्ति को सिंगापुर के बैंकों में ट्रांसफर करवाया है।

इसी रिपोर्ट के अनुसार पिछले 6 सालों में दूसरे देशों से सिंगापुर में 24 लाख करोड़ की संपत्ति ट्रांसफर हुई है। फाइनेंशियल टाइ स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के करीब 600 सबसे अमीर परिवारों ने अपनी संपत्ति को सिंगापुर में ट्रांसफर करवाया है।

वहीं 500 बिजनेस चीन की बजाय सिंगापुर में रजिस्टर किए गए हैं। चीनी बिजनेस कंपनियों के सिंगापुर में जाकर पंजीकृत होने के पीछे सबसे बड़ी वजह चीन के खिलाफ भारत और दूसरे देशों से बिगड़ते रिश्ते हैं। जहां चीन की कंपनियों पर बैन लगाया जा रहा है।

इस वर्ष ही अप्रैल-जून तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था की विकास दर उ मीद के मुकाबले काफी कम रही है। जून में चीन का निर्यात लगातार दूसरे महीने गिरने से वहां पर चिंता बढ़ गई है। चीन के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश में करीब 20त्न युवा बेरोजगार हैं। वहीं इस मामले में चीन पर डेटा छिपाने का भी आरोप लगा है। वहीं की एक प्रोफेसर ने दावा किया है कि देश में मार्च में ही युवाओं की बेरोजगारी दर 50त्न के करीब पहुंच गई थी, चीन के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च में देश में युवाओं की बेरोजगारी दर 19.7त्न थी।

चीन के इस रवैये में एकाएक परिवर्तन नहीं आया है। दरअसल, खपत में कमी आने और विदेशी निवेश के कमजोर पड़ने से चीन को अपने रूख में बदलाव के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हाल ही में अमेरिका के सांसदों ने भी आरोप लगाया था कि चीन में अमेरिकी कंपनियों को परेशान किया जा रहा है। उनका कहना था कि चीन में निजी कंपनी नाम की कोई चीज नहीं होती है। `योंकि यह सब क युनिस्ट चीन की विचारधारा व विस्तारवादी नीति के अनुकूल नहीं माना जाता है।

क युनिस्ट चीन में जो भी संस्था क युनिस्ट पार्टी के नियंत्रण से बाहर हो जाती है उसे चीनी क युनिस्ट सरकार देश से बाहर का मार्ग दिखा देती है। जिस तरह से चीनी वस्तुओं पर लंबे समय के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता है उसी तरह से क युनिस्ट चीन की सरकारी नीतियों पर भी लंबे समय तक भरोसा नहीं किया जा सकता है। इसलिए ही अधिकांश अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन से अपना व्यापार-कारोबार समेटकर क युनिस्ट चीन को छोड़ रही है। जिस तथाकथित देश का वर्तमान गठन ही विदेशी ताकतों व वामपंथी विचारधारा द्वारा हुआ हो, भला उसपर कोई कैसे भरोसा करेगा।

## कु यात अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर आदिन सिंह उर्फ कल्ला बावरिया गिर त में

### स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश की कार्रवाई

भोपाल। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश ने वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त इंटेलिजेन्स इनपुट के आधार पर विदिशा-सागर राजमार्ग में ग्यारसपुर के पास घेराबंदी कर कु यात अंतर्राष्ट्रीय बाघ शिकारी एवं तस्कर आदिन सिंह उर्फ कल्ला बावरिया को पकड़ा गया। तस्कर कल्ला को शुक्रवार 18 अगस्त को गिर तार किया गया।

भारत सरकार द्वारा बाघों के शिकार पर जारी अलर्ट पर कार्यवाही करते हुए देश के अलग-अलग प्रदेशों के वन विभाग/पुलिस विभाग तमिलनाडू, महाराष्ट्र, असम, मेघालय में बाघ की खाल एवं हड्डियों की भारी मात्रा में जप्ती की गई है तथा उसके शिकार एवं तस्करी में लिप्त उत्तर भारत निवासी विशेष शिकारी गिरोह (बावरिया) के कई सदस्यों को गिर तार किया गया। कार्यवाही से बचने के लिये कल्ला बावरिया मध्यप्रदेश के विदिशा-सागर जिले में डेरा लगा कर रह रहा था। कल्ला बावरिया के विरुद्ध देश के कई राज्यों में तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी बाघ के शिकार एवं उसके अवयवों की तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। कल्ला बावरिया की विगत कई वर्षों से कई राज्यों की पुलिस, वन विभाग एवं नेपाल सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (सीआईबी) तलाश रही थी। कल्ला की गिर तारी न केवल मध्यप्रदेश राज्य, अपितु संपूर्ण भारत वर्ष में बाघों के संरक्षण एवं सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी तथा बाघ की तस्करी में संलिप्त संगठित अपराध को रोकने की दिशा में अहम कड़ी साबित होगी।

तस्कर कल्ला बावरिया को विशेष न्यायालय नर्मदापुरम् में फॉरेस्ट कस्टडी रिमांड के लिये प्रस्तुत किया गया। कल्ला बावरिया गिरोह के अन्य सदस्यों तथा अपराधों के संबंध में अन्य राज्यों तथा पड़ोसी राष्ट्र से संपर्क कर जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## आस्था और अध्यात्म की राजधानी बना पूरा प्रदेश

### देशभर के प्रतिष्ठित साधु-संत कर रहे हैं स्नेह यात्रा की अगुवाई

भोपाल। प्रदेश के सभी जिलों में स्नेह यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में आस्था और आध्यात्म का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। देश भर के प्रतिष्ठित मठ, मंदिरों और अखाड़ों के प्रमुख संतजन यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसी आध्यात्मिक विभूतियों को घर-घर जाकर संपर्क करने और जनसंवाद करते देखना किसी स्वप्न के साकार होने जैसा है। खण्डवा जिले की श्रीमती प्रभावती भाव-विभोर होकर कहती हैं कि लाडली बहना योजना जैसे अभियानों से प्रदेश के मु यमंत्री ने हमारी आर्थिक स्थिति का कायाकल्प तो कर ही दिया है, अब रक्षा सूत्र से हमें आत्मीयता और स मान के बंधन में भी बांधने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं।

**हरिनाम संकीर्तन से बंध जाता है समा**

यात्रा का प्रतिदिन शुभारंभ किसी सेवा बस्ती से होता है। पर परागत स्वागत अभिनंदन के बाद पूज्य संत पूरी बस्ती में घर-घर जाकर संवाद और संपर्क करते हैं। बाद में सभी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर स्नेह और अपनत्व का रिश्ता बनाते हैं। आशीर्वचन और प्रसाद वितरण के साथ एक बस्ती के कार्यक्रम का समापन होता है। यात्रा का सबसे आर्कषक पहलू होता है भाव-विभोर करने वाला हरिनाम संकीर्तन7 लोग इसमें डूबकर नाचने-गाने लगते हैं और साधु भी इसी उल्लास और उमंग में घुल-मिल जाते हैं।

**चौपाल का चबूतरा बन जाता है व्यास पीठ**

स्नेह यात्रा का संपूर्ण आयोजन सहजता, सरलता का रूप प्रदर्शित करता है। कुर्सियां और पंडाल की संस्कृति को त्यागकर पूज्य संत गांव के ही सुर य प्राकृतिक वातावरण में किसी पेड़ के नीचे अपना आसन जमा लेते हैं। लोग भी पूज्य संत को घेरकर बैठ जाते हैं। आशीर्वचन का अनुरोध होता है। पूज्य संत सामाजिक बुराईयों को भी दूर करने का संदेश देते हैं। नशामुक्ति और पर्यावरण को सहेजने की सीख सभी संतजनों की अमृतवाणी का हिस्सा बन रही है।

**लोग साथ आते गये और कारवां बनता गया**

स्नेह यात्रा के तय मार्गों के कस्बों और ग्रामों में तो संतजनों का प्रवास हो ही रहा है। ऐसे आध्यात्मिक विभूतियों के दर्शन के लिये लोग पंक्तिबद्ध होकर सड़क के दोनों और प्रतिक्षारत् रहते हैं। सभी के मन में संतजनों की एक झलक पाने की अभिलाषा रहती है। सब संतजनों का स्नेहहिल सानिध्य पाना चाहते हैं। इस तरह प्रतिदिन यात्रा दल से शुरू हुई यात्रा शाम ढलते-ढलते एक बड़े जन समुदाय का स्वरूप ले लेती है। सहभोज और संकीर्तन के बाद यात्रा का समापन होता है। प्रतिदिन यात्रा 10-12 बस्तियों से गुजर कर संवाद के छोटे-छोटे सत्र पूर्ण कर दोपहर और सायं के भोजन के समय जनसंवाद में बदल जाती है। एक दिन के इस क्रम में पूर्णतः के बाद लोग दूसरे दिवस की प्रतिक्षा करते हैं।

## अद्भुत है फोटोग्राफी की दुनिया - मु यमंत्री



भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फोटोग्राफी की दुनिया, अद्भुत दुनिया है। आज विश्व फोटोग्राफी दिवस है। फोटोग्राफी के कार्य से जुड़े सभी साथियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

मु यमंत्री चौहान ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा की जयंती के अवसर पर रेतघाट स्थित उद्यान में उपस्थित फोटोग्राफर्स को विश्व फोटोग्राफी दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यह दिवस फोटोग्राफी की कला के प्रति स मान व्यक्त करने का दिन है। मु यमंत्री श्री चौहान ने अनेक फोटोग्राफर्स के साथ छायाचित्र खिंचवाए और स्वयं भी फोटोग्राफर्स के चित्र कैमरे से ि लक किए। छायाकार बंधुओं की उपस्थिति में मु यमंत्री श्री चौहान ने केक काटकर फोटोग्राफी दिवस मनाया। भोजताल के पास फोटोग्राफर्स के समूह ने अपने कैमरों से आसपास की प्राकृतिक सुंदरता को कैद किया।

## बारिश के बीच नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम के 9 गेट खोले गए

भोपाल। मध्य प्रदेश में नर्मदा के तराई वाले इलाकों में एक बार फिर बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है. जबलपुर औरआसपास के इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण आज शनिवार ( 19 अगस्त) की शाम 6 बजे नर्मदा नदी में बने बरगी डैम के नौ गेट खोल दिए गए. इससे जबलपुर के साथ नरसिंहपुर, रायसेन,नर्मदापुरम और खंडवा जिले के नर्मदा किनारे बसे शहरों और गांवों में बाढ़ के हालात बनेंगे.

रानी अवंती बाई सागर परियोजना के तहत आने वाले बरगी डैम के एग्जी यूटिव इंजीनियर अजय सूरे के मुताबिक बरगी डैम के सभी 9 गेटों को औसत ऊंचाई 1.16 मीटर तक खोलते हुए 1588 `यूमेक (घन मीटर प्रति सेकेंड) जल की निकासी की जा रही है. उन्होंने बताया कि आज शनिवार को बरगी डैम का लेवल 421.75 मीटर तक पहुंच गया है.डैम का अधिकतम लेवल 422.76 मीटर है. इस वक्त डैम लगभग 92त्न भर चुका है. बताया गया है कि डैम के जलग्रहण क्षेत्र में पिछले 48 घन्टे में 100 मिमी से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है.



**इन इलाकों पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर**

बरगी डैम के एग्जी यूटिव इंजीनियर अजय सूरे ने अलर्ट जारी करते हुए नर्मदा के तट से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है. राज्य शासन की ओर से संबंधित जिलों के कले टर और एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट रहने को कहा गया है. बरगी डैम के गेट खुलने से सबसे ज्यादा असर जबलपुर और नर्मदापुरम जिले के तराई वाले इलाकों में पड़ने का अनुमान है.

**इस साल तीन बार खोला गया है डैम का गेट**

बता दें कि इस मानसून के सीजन में बरगी डेम के गेटों को तीसरी बार खोला गया है. सबसे पहले 19 जुलाई 2023 को डैम के पांच गेट पहली बार 80 सेंटीमीटर ऊंचाई तक खोले गए थे. उस वक्त बांध का लेवल 418.45 मीटर पहुंच गया था. इसी तरह दूसरी बार 3 अगस्त को बांध के 15 गेट खोले गए थे. अगले दिन 4 अगस्त को बढ़ाकर लगातार पानी की आवक होने से डैम के 19 गेट पौने दो मीटर तक खोल दिए गए थे.

## भोपाल में शासकीय कर्मचारियों की 1 दिन की हड़ताल 25 को

भोपाल। केंद्र के समान महंगाई भत्ते का एरियर, पुरानी पेंशन बहाली समेत 39 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के कर्मचारी 25 अगस्त को एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर रहेगे। हड़ताल के पूर्व शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग, महिला बाल विकास, जिला न्यायालय में गेट मीटिंग कर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई।

**कर्मचारियों की मु य मांगे**

प्रदेश के लिपिक कर्मचारियों को 2400-2800-3200 के स्थान पर मंत्रालय के समान 2800-3600-4200 ग्रेड-पे का लाभ देना। पुरानी पेंशन बहाल करना। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को धारा 49 से छूट दी जाए एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को केंद्रीय तिथि से ही महंगाई राहत दी जाना व पूर्व बकाया प्रदान किया जाए। वाहन भत्ता एवं मकान किराया भत्ता सातवें वेतनमान केंद्र अनुसार किया जाना। महंगाई भत्ते की बकाया राशि खातों में जमा की जाए। कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि पूर्व की भांति की जाना। 2 वर्ष बाद पूरा वेतन प्रदाय किया जाना। सीपीसीटी का बंधन समाप्त किया जाए। आउट सोर्स प्रथा बंद कर नियमित नियुक्ति पर कर्मचारियों को रखे जाने समेत अन्य मांगे है।

# लाड़ली बहना योजना है जिंदगी बदलने का मिशन -मु यमंत्री चौहान

**63 करोड़ 49 लाख रूपये के कार्यों का भूमि-पूजन**

**67करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण**

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोग जो कहते हैं वह सरकार करती है। लाड़ली बहना जैसी योजना जिंदगी बदलने का मिशन है, जिसने बहनों की जिंदगी बदल दी। मु यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के छीपानेर में छोटे छीपानेर से बड़े छीपानेर को जोड़ने वाले रामलखन सेतु के लोकार्पण के साथ 63 करोड़ 49 लाख रूपये के कार्यों का भूमि-पूजन और 67 करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने 7 आश्रित को अनुक पा नियुक्ति के आदेश भी प्रदान किए। कृषि विकास एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल और अन्य जन-प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि लोगों की जिंदगी बदलना ही उनका मिशन है। पूरा जीवन लोगों के कल्याण में लगाकर उनका जीवन सार्थक हुआ है। लाड़ली बहना योजना के रूप में बहनों के कल्याण के लिए जो दुनिया में कहीं नहीं हुआ, वह मध्यप्रदेश में हुआ है। उन्होंने बहनों से कहा कि यह एक हजार रुपए नहीं है यह महिलाओं की समाज और परिवार में स मान तथा इज्जत का प्रतीक है। बहनों की मजबूरी उन्होंने देखी है। योजना की एक हजार रूपये की राशि को बढ़ा कर 3000 प्रति महीने करूंगा। उन्होंने बहनों से कहा कि वे 27 तारीख को होने वाले रक्षा-बंधन कार्यक्रम से जुड़े।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस में जिन गरीबों के नाम नहीं आए हैं, वे चिंता नहीं करें। प्रदेश में कोई भी बिना पक्के आवास के नहीं रहेगा, जिनके पास जमीन नहीं है और जिनके कच्चे मकान है उन सबको पक्के मकान दिए जायेंगे।

मु यमंत्री ने कहा कि छीपानेर सहित आसपास के गाँव में सिंचाई के लिए प्रेशर पाइप डाले जाएंगे और इसके लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की जायेगी। उन्होंने कहा कि चाहे पीने का हो या सिंचाई का पानी, नर्मदा मैय्या से प्रार्थना कर घर और खेतों तक पानी पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर कोई भी सरकार मूंग नहीं खरीदती पर उन्होंने 7200 रुपए किवंटल में खरीदी है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे चिंता नहीं करे अभी हमने किसानों के कर्ज की 2200 करोड़ की ब्याज राशि डाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स मान निधि और मु यमंत्री किसान-कल्याण निधि के 6-6 हजार रुपए की राशि छोटे किसानों का बड़ा भला करेगी।

मु यमंत्री ने बच्चों से खूब पढ़ने की अपील करते हुए कहा कि छठवीं और नवमीं में दूसरे स्कूल जाने वाले बच्चो को उन्होंने हाल ही में साइकिल की राशि दी है। अब 23 तारीख को बारहवीं में स्कूल में टाप करने वाले एक-एक बेटा और बेटी को स्कूटर और स्कूटी दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज 46 लाख लाड़ली लक्ष्मी बिटिया है और इन्हें भी 6वीं से छात्रवृत्ति दी जा रही है। मेधावी बच्चों की आई आई टी,मेडिकल और दूसरी उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरेगी।

मु यमंत्री ने कहा कि परिवार की तरह सरकार चलाने का मतलब है हर सुख-दुख में साथ होना। एक तरफ विकास और दूसरी तरफ जन-कल्याण ही सरकार का संकल्प है। उन्होंने आयुष्मान योजना का दायरा भी बढ़ाने की घोषणा की जिससे अधिकतम नागरिक और परिवार उपचार की सुविधा से जुड़ सके।

इससे पहले कृषि मत्री श्री कमल पटेल ने छोटी छीपानेर से बड़ी छीपानेर के बीच यानी हरदा और सीहोर तथा भोपाल को जोड़ने वाले राम-लक्ष्मण सेतु के लोकार्पण पर मु यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मु यमंत्री को जन नायक बताया।

**मु यमंत्री चौहान ने इन कार्यों का किया लोकार्पण**

मु यमंत्री श्री चौहान ने 38 करोड़ 66 लाख 92 हजार रूपए की लागत से छोटी छीपानेर से बड़ी छीपानेर के मध्य नर्मदा नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण, 16 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत से इटारसी से छीपानेर मार्ग (मु य जिला मार्ग) लंबाई 10. 10 किलोमीटर, 8 करोड़ 93 लाख 80 हजार रूपए की लागत से ग्राम छीपानेर में घाट एवं चैनल निर्माण कार्य, 3 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत के ग्राम छीपानेर में भोमदा नाले पर दादा जी धूनी के पीछे कटाव रोकने के लिये रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

**मु यमंत्री चौहान ने इन कार्यों का किया भूमि-पूजन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने 14 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से ग्राम छीपानेर (राम मंदिर के पास) में रिटेनिंग वॉल एव एप्रोच रोड निर्माण कार्य, 3 करोड़ 16 लाख रूपए की लागत से ग्राम छीपानेर (नि बार्क आश्रम) में घाट, रिटेनिंग वॉल एवं अप्रोच रोड निर्माण कार्य, 4 करोड़ रूपए की लागत से रानीपुरा में घाट रिटेनिंग वॉल एवं सीसी रोड निर्माण कार्य, 4 करोड़ 97 लाख 31 हजार रूपए की लागत से ग्राम पीपलनेरिया मार्ग में काकेड़ी नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण, 9 करोड़ 99 लाख 75 हजार रूपए की लागत से ग्राम धोलपुर से बालागांव मार्ग में सीप नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण, 4 करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से ग्राम मंजाखेड़ी से बाकोट मार्ग में अजनाल नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण, 6 करोड़ 60 लाख 83 हजार रूपए की लागत से ग्राम गिल्लेर से गोरखपुर मार्ग में सीप नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने 48 लाख रुपए की लागत से शासकीय यूनानी औषधालय छीपानेर में नवीन भवन का निर्माण कार्य, 50 लाख रुपए की लागत से नि बार्क आश्रम छीपानेर में मांगलिक भवन निर्माण कार्य, 20 लाख रूपए की लागत से ग्राम छीपानेर में मांगलिक भवन निर्माण, 3 करोड़ 76 लाख 70 हजार रुपए की लागत से छीपानेर समूह जल-प्रदाय योजना के अतिरिक्त कार्यों का क्रियान्वयन, 10 करोड़ 8 लाख 88 हजार रूपए की लागत से जमुनियाकलां से बालागांव तक 80 मीटर जलमग्नीय पुल सहित मार्ग निर्माण, 42 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत सीगांव में गौशाला निर्माण, 20 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत ससली में मांगलिक भवन, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत ससली के ग्राम नारायणपुर में तालाब सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण तथा 20 लाख रूपए की लागत से ससली के ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

# भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी, शाह बोले- घोटालों पर जवाब दें बंटाधार और कमलनाथ

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रदेश सरकार के गरीब कल्याण महा अभियान 2003-2023 के रिपोर्ट कार्ड को लांच किया। इस दौरान उन्होंने दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा।

### शिवराज सिंह अभी सीएम हैं – शाह

अमित शाह ने अपने संबोधन के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। शिवराज सिंह के सीएम बनने के सवाल पर अमित शाह ने कहा की अभी शिवराज सीएम हैं। आप पार्टी का काम पार्टी को करने दें। वहीं, परिवारवाद को लेकर टिकट देने के मुद्दे पर कहा की जब पार्टी की मलकियत किसी एक परिवार के हाथ में रहना परिवारवाद है।

चुनाव के समय घोषणाएं करने की बात कहने पर शाह ने कहा कि हमने चुनाव के समय कोई योजना घोषित नहीं की है। गरीब को भी पता है की एक लाख का मकान देने को भुलाकर कोई 200 रुपये की बिजली माफ करने पर वोट नहीं देगा। कांग्रेस के 15 महीने की सरकार के कामकाज पर सवाल किए जाने पर शाह ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने एक सोची समझी रणनीति के तहत जाति का जहर घोलने का काम किया था। इस बार जनता ने उनके 15 महीने का कामकाज देख लिया है। वहीं, नूंह हिंसा पर किए गए सवाल पर शाह ने कहा कि उनके मन में जो चलता है वही बोलते हैं। एक महीने बाद पता चल जाएगा कि दंगे नहीं हुए तब आप पूछ लेना कि दंगे यों नहीं हुए। कमलनाथ पर घोटालों और भ्रष्टचार के शाह के आरोप पर भाजपा सरकार के कर्रवाई करने के सवाल पर शाह ने कहा की हमारी जांच चल रही है। यदि यह सवाल कमलनाथ ने प्लांट कराया है तो ठीक नहीं है। जांच भी तेज हो सकती है।

### बंटाधार और कमलनाथ को जवाब देना चाहिए – शाह

मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को देखें तो प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। सड़कों बनी हैं। सिंचाई क्षमता करोड़ों गरीब किसानों के लिए लाभ है। 46 लाख बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिला है। उज्जैन में महाकाल महालोक बना है। भोपाल इंदौर में मेट्रो रेल शुरू की है। मेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में शुरू की है। पेसा कानून बनाया है। हमने स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय शुरू किया है। अमृत सरोवर का निर्माण किया है। 15 माह की सरकार में कांग्रेस ने `या किया। इसका बंटाधार और कमलनाथ को जवाब देना चाहिए। गरीब कल्याण के पूरे मूवमेंट को लगड़ा और अपाहिज कर दिया। 600 करोड़ के इ को घोटाले में वे जुड़े हुए है। 800 से ज्यादा ट्रांसफर कर के ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाने का काम किया।

मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत कई क्षेत्रों में नंबर 1 पर पहुंच गया है। आप सब के माध्यम से मैं 9 करोड़ की आबादी से आपके आशीर्वाद की अपेक्षा करता हूं। यहां गांव कस्बे तक हमारा संगठन फैला है। ये भी आपके आशीर्वाद के बगैर संभव नहीं है। अमित शाह ने केंद्र में कांग्रेस की सरकार के 24 घोटाले




गिनाएं और कांग्रेस से जवाब मांगा। भाजपा की केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शाह ने कहा की प्रदेश की जनता को निर्णय लेना है कि देश को विकसित होने वाली सूची में शामिल होना है या घोटाले वाली सूची में शामिल होना है। मैं प्रदेश की जनता से अपील करता हूं कि आप मोदी जी की महान विकास यात्रा में सहयोग करें। हम चाहते है की चुनाव विकाश और गरीब कल्याण के मुद्दे पर हो।

### मोदी जी ने योजनाएं बनाने में कमी नहीं छोड़ी– शाह

मोदी जी ने योजनाएं बनाने में कमी नहीं छोड़ी और किसी तरह की कटौती नहीं की है। पहले टुकड़े में विकास होता था। पहले 25 हजार शौचालय बनाने थे अब हर घर में शौचालय है। हर गरीब के घर में गैस सिलेंडर पहुंचना चाहिए। हमारे पीएम मोदी जी ने संपूर्ण विकास किया है इसलिए उन्हें बार-बार जनादेश प्राप्त होता है। पांच वित्तीय वर्षो में हमने 72 हजार किमी सड़कों की लंबाई बढ़ाई है। इधर उधर की बात मत कीजिए। एमपी काफिला `यों लूटा इसका जवाब दीजिए। सबसे बड़ा सौर्य ऊर्जा प्लांट खंडवा में बन रहा है। ओंकारेश्वर में अद्वैत वेदांत संस्थान बन रहा है।

### बंटाधार और कमलनाथ जनता को गुमराह करना बंद करें– शाह

प्रति व्यक्ति आय जो राज्य के विकास के लिए होती है। आप 11 हजार 700 रुपये छोड़ कर गए थे। भाजपा ने एक लाख 40 हजार रुपये किया है। मोदी जी और शिवराज की जोड़ी ने एमपी को यहां तक पहुंचाया है। पहले जो सड़क थी, गड्ढे में सड़क थी, कि सड़क में गड्ढे में थे। इसकी जगह अब पांच लाख 10 हजार किमी सड़कें यहां बनाई गई हैं। आठ गुना से ज्यादा सड़कें बनी हैं। विकास दर साढ़े छह गुना बढ़ी है। एमएसपी की बात करते हैं कमलनाथ जी मैं बताना चाहता हूं। जब बंटाधार जी छोड़कर गए थे। तब गेहू की एमएसपी 4 लाख 38 हजार टन थी आज 70 लाख 96 हजार मैट्रिक टन पर पहुंच गई है। आईआईटी की सं या आज 1014 है। पर्यटकों की सं या 64 लाख थी अब 9 करोड़ को पार कर गई है। मैं कांग्रेस के नेताओं का अव्हान करना चाहता हूं। आप एमपी की जनता को गुमराह करना बंद कीजिए और 50 सालों का रिपोर्ट कार्ड लेकर आइए। कांग्रेस ने `या दिया एमपी को। आंकड़े लेकर एमपी की जनता के सामने आइए। आप नही आएंगे इसलिए मैं आपके सामने आया हूं।

### भाजपा ने भोपाल से चौपाल तक खुशहाली पहुंचाई है– शाह

हर दृष्टि से एक आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने का काम किया गया है। एमपी को देश के सबसे विकसित राज्य की श्रेणी में रखने और संपूर्ण आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। जिसे बंटाधार कहा जाता था वो आज विकसित है। आज समृद्ध और खुशहाल राज्य की श्रेणी में एमपी शामिल है। बुंदेलखंड से लेकर बघेलखंड तक, विंध्य से लेकर मालवा तक और भोपाल से लेकर प्रदेश की हर चौपाल तक खुशहाली पहुंचाने का काम भाजपा ने किया है। 10 साल से डबल इंजन की सरकार है। मोदी जी ने एमपी को मन खोलकर दिया है। यहां की जनता ने भी झोलियां भर-भरकर वोटें देकर जिताया है। मैं विश्वास के साथ कह रहा हूं एक सीट की कमी है। 2024 में एमपी की जनता इसे भी पूरा कर दूंगी।

मोदी जी के नेतृत्व में यहां शिवराज सिंह ने हर योजना को नीचे पहुंचाया है। हम इस नींव पर एक बहुत बड़ी इमारत खड़ी करने जा रहे हैं। 14 करोड़ लोग, यानी 10 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके है। मोदी जी को गरीब, गरीब कल्याण का पुरोधा मानते हैं। उन्होंने हर क्षेत्र में प्रगति की है। शिवराज सिंह के नेतृत्व में ढेर सारे परिवर्तन हुए है। बंटाधार और कमलनाथ इन चीजों का जवाब दें। 3 लाख 14 हजार के बजट पर हमने पहुंचाया है। इसका जवाब कमलनाथ दें।

### भाजपा ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने का काम किया है – शाह

मध्यप्रदेश राज्य का गठन 1956 में हुआ। विंध्य प्रदेश, भोपाल स्टेट में कांग्रेस का शासन था। 53 वर्ष कांग्रेस का शासन था। आज जो लोग दावा कर रहे हैं उन्हें सबसे पहले 53 साल के विकास कार्य की रिपोर्ट रखनी चाहिए। 1980 के दशक में आशीष बोस ने राजीव गांधी को एक पेपर प्रस्तुत किया था, जिसमें बीमारू शब्द का जिक्र किया था। बीमारू राज्य का शब्द प्रयोग चार राज्यों के पहले अक्षरों से लिया गया था। जो कि मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान और उत्तरप्रदेश से लिया गया था। सभी सर्वेक्षणों ने भी इन राज्यों को भारत की ग्रोथ में बाधा को वर्णित किया गया था। बंटाधार सरकार को हटाकर प्रदेश के लोगों ने ऐतिहासिक निर्णय लिया था। शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बीमारू राज्य से मुक्ति दिलाने का काम किया है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने का भी काम किया गया है।

### 2014 के बाद से मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास को नई गति मिली– शिवराज

एक दौर था मध्यप्रदेश में जब मध्यप्रदेश बीमारू राज्य कहा जाता था। ग्वालियर चंबल में शाम के पांच बजे निकलना मुश्किल हो जाता था। उस बीमारू राज्य के टैग से मुक्ति मिली है। डबल इंजन की सरकार ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं। देश की जीडीपी में हमारा योगदान पहले 3.6 प्रतिशत था। आज 4.8 फीसदी है। हम तेज गति से आगे बढ़े है। सड़कों का जाल हो, सिंचाई में जो चमत्कार हुआ है मुझे कहने की आवश्कता नहीं है। 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास को नई गति और दिशा मिली है। 2003 तक केवल 23 हजार करोड़ का बजट था। उसके एक लाख करोड़ करने में 2012 आ गए। हम 2020-21 में 3 लाख 14 हजार करोड़ का पार किया है।

पीएम मोदी ने एमपी की प्रगति और विकास में सहयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब 122-123 आवास मिलने लगे हैं। महिला सशक्तिकरण हुआ। आजादी के अमृतकाल में 2047 तक पीएम मोदी ने जो देश को दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट बनाने का संकल्प लिया है उसे पूरा करने में एमपी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। हम एमपी को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे।

### राज्य सरकार के कार्यकाल पर दिखाई गई लघु फिल्म

राज्य सरकार के 18 सालों के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। दिग्विजय सिंह के कार्यकाल 2001 और 2002 में सड़कों की बदहाली, बिजली कटौती और सिमी नेटवर्क और ने सलवाद की समस्या और शिवराज सरकार के कार्यकाल और योजनाओं की उपलब्धि पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। इसमें सड़कों के नेटवर्क, सिमी और ने सलवाद का सफाया, लाडली लक्ष्मी, किसानों का फसल बीमा योजना समेत कर काम गिनाए गए। इसके साथ ही केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल पर भी आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

### कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे शाह

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मौजूद हैं। जहां से वे प्रदेश सरकार के गरीब कल्याण महा अभियान 2003-2023 के रिपोर्ट कार्ड को लांच करेंगे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष के हस्ते युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली मुंगवानी में

सिवनी यशोः- मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला ब्लाक मुंगवानीकलां के हथनापुर मंडलम में बीएलए प्रशिक्षण में कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर ग्राम हथनापुर के अनेक युवाओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वाले युवाओं ने बताया कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे विधायक द्वारा सिवनी और हमारे गांव के लिए अनेक घोषणाएॅ की किन्तु उन्होंने कोई भी घोषणा पूरी नही की ग्राम हथनापुर के निवासी सिवनी विधायक को अपना वोट देकर ठगा सा महसूस कर रहें है। हमें कांग्रेस पार्टी पर पूर्ण विश्वास है हमने पिछला 15 महिनें का कार्यकाल देखा, जो वादे किये गये थे वह पूरे किये, यही कारण है कि इस चुनाव में हम कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह (लल्लू) बघेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित लोकेश शु ला, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मनोज तिवारी, हथनापुर से टर कांग्रेस अध्यक्ष कामता सनोडिया पिपरिया, जाम से टर कांग्रेस अध्यक्ष खेमकरण सनोडिया पांजरा,



भाटीवाड़ा से टर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश बघेल भाटीवाड़ा, हथनापुर बीएलए राधे किशन तिवारी, माखन वर्मा, पिपरिया बीएलए अखिलेश सनोडिया, मड़वा किशनपुर बीएलए विक्रम वर्मा, ठरका बीएलए मुरली सनोडिया, जाम बीएलए पूरन सतनामी, नीरज नामदेव, हिनोतिया बीएलए ऋषभ सनोडिया, पांजरा पायली बीएलए मनीष सनोडिया, कन्हरगांव बीएलए सत्यकुमार सनोडिया, सिमरिया सिंघोडी बीएलए दयाराम सनोडिया, भाटीवाड़ा बीएलए विनोद बघेल, खैरीकलां बीएलए मनोज सनोडिया सहित क्षेत्रीय कांग्रेस जन की उपस्थिति रही। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो में सर्वश्री विवेक तिवारी, महासिंग यादव, कमलेश तिवारी, अजय श्रीवास, जगंन्नाथ सनोडिया, चेतराम सनोडिया, शेखर सनोडिया, अभिषेक पाठक, हर्षित तिवारी, राजकुमार सनोडिया, रोहित सनोडिया, नेपाल सनोडिया, राजकुमार सनोडिया(छोटो), नरेश सनोडिया(गज्जू) दिलीप पाठक, ओमप्रकाश पांडे, देवेश तिवारी, राजेश सनोडिया, बेनीराम सनोडिया, अजेश मिश्रा, राधाकिशन तिवारी, गोविन्द विश्वकर्मा, बलराम दाहिया, महेश सनोडिया, बलराम सनोडिया, राजेश सनोडिया(रज्जे), विजय सनोडिया, दशरथ सनोडिया, सोनू सनोडिया, अक्षय पाठक, राजेश पाठक, संतोष सनोडिया, कन्हैया यादव, छब्बी सनोडिया, कैलाश पांडे, सुजीत यादव, शियाराम सनोडिया, नरेन्द्र सनोडिया, पंचम दाहिया, रब्बू सनोडिया, रामलखन सनोडिया(गुड्डू), गनेश सनोडिया(लल्लू), भगवानदास सनोडिया, राजू दाहिया, गुलाब प्रजापति, मस्तराम यादव, पुरूषोत्तम तिवारी, ललित पाठक आदि ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# स्नेह बंधन का अर्थ समाज के सभी वर्गों का मिल जुल के रहना हैं- स्वामी परमात्मानंद गिरी महाराज

सिवनी यशोः- विख धनोरा जिला सिवनी के ग्राम देवरीटीका स्नेह बंधन यात्रा का आरंभ हुआ जिसमे ग्रामीणजानो के द्वारा यात्रा का स्वागत कलश यात्रा फूल वर्षा कर किया गया। यात्रा में परम पूज्य



साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी,परम पूज्य मनीषा दीदी व स्वामी परमात्मानंद गिरी महाराज जी स मिलित होकर ग्रामवासियों को आशीर्वचन/आशीर्वाद दिया। स्नेह यात्रा ग्राम देवरीटीका से पिंडरई , दौंदावानी ,सुनवारा ,सुनवारा खेड़ा ,माथानपुर पहुंची सुनवारा में संवाद सकिर्तन के बाद रात्रि विश्राम मे श्रीराम मंदिर माथनपुर में संपन्न हुआ ।यात्रा के अगले पड़ाव में स्वामी परमात्मानंद जी स मिलित हुए । सुभारंभ ग्राम तिघरा से होकर ग्राम अमोली ,ग्राम रावठान , नाई पिपरिया ,मोहगांव से होकर दोपहर संवाद/संकीर्तन/खिचड़ी सहभोज का आयोजन धनोरा खैर माई मंदिर में संपन्न हुआ।यात्रा में के परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शु ला जी विख समन्वयक श्याम उईकेजी अनिल नागले यात्रा में उपस्थित रहे ।साथ में मेंटर्स पीतम रजक,रामप्रसाद निर्मलकर,विजय नागेश ,शरद नामदेव जी ,माधवी बागवान । व नवांकुर संस्था से गुरुप्रसाद भलावी ,सुरेश डहेरिया,ममलेश पटेल, वीरसिंह वैश्ले व छात्रों में महावति मरावी जयंती धुर्वे सोमनाथ झरिया,गुलशन मरावी, देवसिंह मर्शकोले,दूजा मरावी सभी का स्नेह यात्रा को सफल बनाया। भोजन उपरांत यात्रा ग्राम घोघरिमाल ,सर्रा होते हुए विकासखंड घंसोर में प्रस्थान करेगी।

# विकास कार्यों की ओर नेता और नौकरशाह नहीं दे रहे ध्यान

## नागरिक नाराज, समस्याओं से जूझ रहे आमजन

मंडला। चुनावी वर्ष में विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने में विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि जानकारों की माने तो इस वर्ष में विकास कार्यों की गति तेजी के साथ आगे बढनी चाहिये जो संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित मंडला जिले में आगे नहीं बढ़ पा रही है। राजनैतिक दल चुनावी तैयारी में लगे हुए हैं और इनके जनप्रतिनिधि सिर्फ घोषणाओं पर घोषणाएं करते जा रहे हैं। विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जन प्रतिनिधियों के ध्यान न देने की वजह से सरकारी तंत्र इसका फायदा उठा रहा है। जिसकी वजह से विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। नागरिकों का मानना है कि भविष्य में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विकासकार्यों को लेकर जिस तरह लापरवाही बरती जा रही है उसकी वजह से वर्तमान सरकार की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। यदि विकास की गतिविधियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो कर्नाटक जैसे हालात मध्यप्रदेश में भी निर्मित हो सकते हैं। वैसे भी मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर दिखाई दे रही है। अगर वर्तमान सरकार जल्दी नहीं जागी और हकीकत के धरातल में विकास कार्यो को नहीं कराया गया तो लंबे समय से नाराज नागरिक निष्चित रूप से परिवर्तन करेंगे ऐसी पूरी संभावना दिखाई दे रही है। ज्ञात हो कि वर्तमान में भाजपा की सरकार से नागरिक ज्यादा नाराज दिखाई दे रहे हैं और चुनावी वर्ष में विकास कार्यों के प्रति बेहोषी की वजह से नागरिकों की नाराजगी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ,खासकर मध्यप्रदेष के मंडला जिले में विकासकार्यों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। खराब सड़कें पहले से ही पहचान बन गई हैं जिससे नागरिक भी परेषान हो गए हैं। जबलपुर मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण सबसे लापरवाही है। भ्रष्ट तंत्र की वजह से लगभग 8 साल बीत जाने के बावजूद भी मंडला जबलपुर मार्ग का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। और न इस संबंध में कोई ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज का भवन, जमीन आवंटन के अभाव में नहीं बन पा रहा है कुछ दिन पूर्व अधिकारी जायजाा लेने आये हुए थे। रेल सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है। चारों तरफ से रेल सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। उद्योगों की स्थापना और पर्यटन विकास पर ध्यान नही दिया जा रहा है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इस जिले में दो-दो सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री रहने के बाद भी जिले का विकास नहीं हो पाया है। ये सिर्फ अपनी रोटी सेंकते रहे और विकास कार्यों की तरफ पीठ करके बैठ गए हैं। केन्द्र व राज्य सरकारों की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर घोर लापरवाही बरती जा रही है। और शासन प्रषासन द्वारा विकास कार्यों पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का मानना है कि कर्नाटक जैसी स्थिति मध्यप्रदेष में भी निर्मित होगी ऐसा प्रतीत हो रहा है।

# प्रदेश के हर गाँव और हर खेत में पानी पहुँचाने का संकल्प है - मु यमंत्री चौहान

## मु यमंत्री ने सीहोर में खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन किया

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर गाँव और हर खेत में पानी पहुँचाने का हमारा संकल्प है। प्रदेश में सभी का आर्थिक सशक्तिकरण करके रहेंगे। बहनों की आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए करने की कोशिश की जा रही है। मु यमंत्री जन आवास योजना के तहत सर्वे कराकर पात्र लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अपने स्कूल में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के भिलाई ग्राम में 1533 लाख 64 हजार रुपए की लागत की खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन और बारेला समाज के स मेलन को संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम में सांसद रमाकांत भार्गव, मु यमंत्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, श्री कार्तिकेय चौहान, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, पूर्व मंत्री श्री अंतर सिंह आर्य और जन-प्रतिनिधि तथा बड़ी सं या में अनुसूचित जनजाति के भाई-बहन उपस्थित थे।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पानी, सिंचाई, बिजली, सड़क की कमी थी। मैंने मु यमंत्री बनते ही पानी, सिंचाई, बिजली की सुविधाएँ उपलब्ध कराई और सड़कों का जाल बिछाया। नर्मदा जल, पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल से पहुँचाने का कार्य चल रहा है। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, मु यमंत्री कन्या विवाह योजना, गाँव से बाहर पढ़ाई करने जाने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना सहित अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले अनुसूचित जनजाति के भाई-बहनों पर अत्याचार, अन्याय होता था। हमारी सरकार ने अनुसूचित जनजाति पर होने वाले अत्याचारों को रोका ही नहीं बल्कि राज्य सरकार विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रही है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने पैदल यात्रा निकालकर अनुसूचित जनजाति समाज में जागृति उत्पन्न करने और उनको अपना अधिकार प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया। प्रदेश में माफियाओं से जमीन का कब्जा हटाया और गरीबों को पट्टे देने का कार्य किया गया है।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि बेटे-बेटियों की पढ़ाई- लिखाई में कोई कमी नहीं होने देंगे। युवाओं को स्व-रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है। आज गरीबों को मु त में राशन, बेटियों की शादी, लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए देने जैसी कई योजनाएँ क्रियान्वित कर लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# भाई की जगह डीएलएड की परीक्षा देने पहुंचा छात्र गिर तार

भोपाल। मध्य प्रदेश में बीते दिन पटवारी और कांस्टेबल की परीक्षा में स्कैम की खबर आई थी. जिसके बाद परीक्षा विभाग के ऊपर सवाल खड़े हो रहे थे. इसी बीच डीएलएड की परीक्षा में भी गड़बड़ी सामने आई है. बता दें कि रीवा के शासकीय मार्तंड स्कूल में बने सेंटर पर फर्जी तरीके से परीक्षा देने बैठे छात्र को जांच टीम ने हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि छात्र अपने भाई की जगह पर पेपर देने आया था.` या है पूरा मामला जानते हैं.

### बिहार से आया था मुन्ना भाई

रीवा शहर के शासकीय मार्तंड स्कूल में क्रमांक 2 परीक्षा केन्द्र में बैठकर फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहे एक शातिर मुन्ना भाई प्रमोद यादव को पकड़ा गया है. बता दें कि मुन्ना भाई 700 किमी दूर बिहार से आकर रीवा में डीएलएड की परीक्षा दे रहा था. इस समय परीक्षा केंद्र में प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा चल रही है.

इस दौरान जांच टीम पहुंच गई तभी परिवेक्षक को आशंका हुई और अधिकारी ने जब प्रवेश पत्र में लगी परीक्षार्थी की फोटो और हस्ताक्षर का मिलान किया तो मुन्ना भाई की पोल खुल गई और वह सन्न रह गए. इसके बाद पता चला कि वह अपने चचेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था.

### ऐसे खुली पोल

इस पूरे मामले पर सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने बताया की मार्तंड स्कूल क्रमांक 2 के केंद्राअध्यक्ष नवनीत खरे ने पुलिस को सूचना दी थी. उन्होंने बताया था की एक युवक परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर फर्जी तरीके से डीएलएड की परीक्षा दे रहा है. जांच के दौरान फर्जी परीक्षार्थी प्रमोद कुमार यादव को पकड़ा गया है. वह ग्राम साहुगढ़ मद्धेपुरा बिहार का निवासी है. पकड़ा गया युवक अपने चचेरे भाई लव कुमार यादव की जगह बैठकर परीक्षा दे रहा था इसी दौरान आशंका होने पर युवक के प्रवेश पत्र में लगी फोटो और हस्ताक्षर का मिलान किया गया तो युवक के फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश हो गया.

सूचना पर पुलिस पकड़े गए मुन्नाभाई को गिर तार कर विश्वविद्यालय थाने ले आई है इसके बाद उससे पूछताछ कर पुलिस ने धारा 419, 465, 466, 468, 471 सहित आवश्यक परीक्षा अधिनियम की 3/4 का प्रकरण पंजीबद किया गया है. बता दें कि एमपी में हाल में ही पटवारी और कांस्टेबल की परीक्षा में गड़बड़ी सामने आई थी.

## सूर्यकुण्ड में होगा महामंत्र रूद्राभिषेक

मण्डला यशोः-सूर्यकुण्ड धाम में हनुमान महाराज का महामंत्र रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ब्र हमुहूर्त आरती सेवादार सूर्यकुण्ड धाम प्रेरणा स्त्रोत श्री श्री 1008 श्री ब्र हलीन भारती महाराज सिद्ध संत आश्रम सूर्यकुण्ड धाम कलयुग के राजा हनुमान महाराज का महामंत्र रुद्राभिषेक कार्यक्रम 23 अगस्त बुधवार को ब्र हमुहूर्त आरती के पश्चात सुबह 4:30 बजे हनुमान मंदिर सूर्यकुण्ड धाम में किया जावेगा। प्रभु हनुमान जी महाराज का शास्त्रविधि एवं आचार्य के द्वारा सिद्धि बुद्धि प्राप्ती शनि मंगल शांति सर्व मनोकामना पूर्ति एवं सर्व कार्य सिद्धि हेतु महामंत्र रूद्राभिषेक का आयोजन किया जावेगा। आप सभी भक्त इस सर्वसिद्धि अनुष्ठान पर पधार कर धर्म एवं अध्यात्म का लाभ अर्जित करें।

## राजीव गांधी जी ने पंचायतीराज के माध्यम से सत्ता का विकेन्द्रीकरण ग्राम स्वराज्य को बल दिया'

मंडला यशोः- संविधान के अनुच्छेद- 40 में राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियां एवं अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हे स्वायत शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने हेतु आवश्यक हों।पंचायती राज व्यवस्था को एकरुपता प्रदान करने के उद्देश्य से म.प्र. पंचायत अधिनियम 1962 बनाया गया।इस अधिनियम के तहत 1965,1970 तथा 1978 में पंचायतीराज चुनाव कराए गए। अनुभव एवं व्यवहार के आधार पर मध्यप्रदेश पंचायत अधिनियम 1981 और फिर संशोधन कर अधिनियम 1990 बनाया गया।सन् 1992 में संविधान में 73 वां संशोधन हुआ। उसमें पंचायतों के चुनाव और उनके अधिकारों के लिए ढांचा बना।इस तरह संविधान के भाग- (9) में पंचायतों के लिए अलग व्यवस्था की गई। भाग-(9) के यही प्रावधान पंचायतों के उपबंध कहलाए।

मध्यप्रदेश देश का सबसे पहला राज्य है जिसने भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन अधिनियम 1992 के अनुरूप मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 तैयार कर प्रदेश की विधानसभा से पारित किया।दिनांक 25 जनवरी 1994 को महामहिम राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त होने पर इसे 26 जनवरी 1994 से प्रदेश में इसे प्रभावशील किया गया।संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के अनुच्छेद 243(छ) की ग्यारहवीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों से सबंधित ग्रामीण क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओध् कार्यक्रमों को त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश को पंचायतीराज व्यवस्था देकर गांवों को मजबूत करने के महात्मा गांधी के सपने को पूरा किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्टार्स प्रोजे ट अंतर्गत जिला स्तर पर कौशल प्रदर्शनी (स्किल ए सपो) आयोजन

मण्डला यशोः- समग्र शिक्षा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत अपर संचालक समग्र शिक्षा (सेके.एजु.) म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्टार्स प्रोजे ट अंतर्गत जिला स्तर पर कौशल प्रदर्शनी (स्किल ऐ सपो) आयोजन एवं क्रियान्वायन 18 अगस्त 2023 को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थांन डाईट में किया गया है जिसमें जिले में संचालित व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर पर आयोजित कौशल प्रदर्शनी से मॉडल, चार्ट एवं लघुनाटिका से चयनित दो विधा के विद्यालय से चयनित विद्यार्थी उनके शिक्षकों सहित कुल 280 लगभग की सहभागिता दर्ज किए।



कौशल प्रदर्शनी कार्यक्रम के नोडल प्राचार्य डाईट मण्डला रहे। कार्यक्रम प्रारंभ का राजेश जयसवाल (प्रभारी प्राचार्य डाईट मण्डला) की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में श्रीकांत व्यास प्राभारी प्राचार्य पॉलीटेँ न्क मण्डला, श्री वरकडे प्राचार्य आईटीआई, एलएस मसराम जिला योजना अधिकारी, एडीपीसी मण्डला, मुकेश पाण्डेय (कार्यक्रम सहायक नोडल), राजकुमार हरदहा प्रभारी जिला व्यावसायिक शिक्षा समन्व्यक निर्णायक एवं मुल्यांकन समिति के सदस्य रहे। कार्यक्रम में राज्य स्तर से गौरव परिहार अमास स्कियल वैंचर्स प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा निरीक्षण किया गया। सहभागी समस्त व्यावसायिक प्रशिक्षक, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कौशल प्रदर्शनी में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त मॉडल में शासकीय कन्या उमावि अंजनिया को प्रथम, शासकीय उमावि भीम डोंगरी को द्वितीय, शासकीय उमावि सागर को तृतीय पर रहे। इसी प्रकार कौशल प्रदर्शनी में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त चार्ट में शासकीय कन्या उमावि नैनपुर को प्रथम, शासकीय उमावि पिपरिया को द्वितीय तथा शासकीय उमावि चाबी को तृतीय स्थान पर रहे। कौशल प्रदर्शनी में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त लघु नाटिका में शासकीय उत्कृष्ट नैनपुर को प्रथम, शासकीय उमावि भीमडोंगरी को द्वितीय एवं शासकीय उमावि कन्या बहनी बंजर को तृतीय प्राप्त किया। पुरूस्कार मॉडल हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 5 हजार, 3 हजार एवं 2 हजार इस प्रकार चार्ट में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 2 हजार, 1 हजार एवं 500 सौ रूपए के साथ ही लघुनाटिका में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 3 हजार, 2 हजार, एवं 1 हजार रूपए की राशि संबंधित के खाते में स्थानांतरित की जाएगी।

# झामल नदी के बहाव में बहा परिवार

**पत्नी तैर कर सुरक्षित बाहर निकली, पति का मिला शव बेटी की तलाश जारी**

मंडला यशोः- बीजाडांडी थाना अंतर्गत चौकी मनेरी क्षेत्र में शुक्रवार रात झामल नदी में मोटर साइकिल सहित पति, पत्नी और बेटी के बह जाने की खबर है। इसमें पत्नी तो नदी से सुरक्षित बाहर निकल आई, लेकिन पति और बेटी नदी के तेज बहाव में बह गए। ये तीनों मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे। उसी दौरान झामल नदी के रपटे पर यह दुर्घटना हो गई। सुबह पति का शव बरामद कर लिया गया है। मृतक का नाम किशन लाल भवेदी (55) पिता मान सिंह निवासी ग्राम बिलनगरी बताया गया है। वहीं मौके पर एसडीआरएफ की टीम मौजूद है जो लापता बेटी की तलाश में जुटी हुई है।

**गांव बिलनगरी लौट रहे थे तीनों**

घटना बीजाडांडी थाना क्षेत्र के मनेरी चौकी अंतर्गत ग्राम भवेरा की बताई गई है। जहां ग्राम बिलनगरी निवासी किशन लाल भवेदी बाइक पर अपनी पत्नी और बेटी के साथ कटंगी से अपने गांव बिलनगरी लौट रहे थे। रात के समय ग्राम भवेरा के नजदीक झामल नदी के रपटे को पार करने के दौरान तेज बहाव में मोटर साइकिल सहित ये तीनों बह गए। इसमें पत्नी सावित्री भवेदी करीब आधा किमी दूर तक बहने के बाद सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकल आई, लेकिन पति किशन लाल और उनकी बेटी तेज बहाव में लापता हो गए। पत्नी सावित्री भवेदी ने गांव पहुंच कर लोगों को जानकारी दी।

**ग्रामीणों की मदद से की सर्चिंग**

घटना की सूचना मिलते ही मनेरी पुलिस मौके पर पहुंच गई और लापता की तलाश में ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया। एसडीआरएफ को भी घटना की सूचना दी। दुर्घटना स्थल से करीब 4 किमी दूर पति किशन लाल का शव बरामद कर लिया। वहीं एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है, जो दुर्घटना में लापता बेटी भांति पति सुदामा (28) निवासी ग्राम बिलनगरी की तलाश में जुटी हुई है।

## पंचायतों में दुकान खोलने आवेदन 31 अगस्त तक आमंत्रित

मंडला यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 में दिए गए प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान संचालित किया जाना है। जिले में विकासखंड मंडला, बिछिया अंतर्गत पंचायत जिनमें उचित मूल्य दुकानों पूर्व संचालक संस्थाओं के समर्पित करने के कारण रिक्त हैं। इन पंचायतों में दुकान खोलने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं जिसमें मंडला अनुविभाग के ग्राम पंचायत देवगांव एवं झालपानी में संस्थाओं द्वारा समर्पित दुकान विहीन ग्राम पंचायत व रिक्त दुकानों की सं या 2 है। इसी प्रकार बिछिया अनुविभाग के ग्राम पंचायत धुतका एवं मांगा में संस्थाओं द्वारा समर्पित दुकान विहीन ग्राम पंचायत व रिक्त दुकानों की सं या 2 है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की वेबसाईट पोर्टल पर पात्र संस्थाएं 31 अगस्त 2023 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दुकान आवंटन की कार्यवाही संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की जाएगी।

## आँखों के संक्रमण से बचाव के लिए एडवायजरी

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी एडवायजरी में कहा है कि वर्तमान में कंजेँ टवाइटिस पीड़ित मरीजों की सं या बढ़ रही है। आंखे आना या लालिमा आंखों से जुड़ी एक सामान्य समस्या है। चिकित्सीय भाषा में इसे कंजेँ टवाइटिस कहते हैं। आंखों में एक पारदर्शी पतली झिल्ली कंजे टाइवा होती है, इसमें सूजन आ जाती है। यह बै टीरिया और वायरस से होने वाला रोग है। संक्रमित व्यक्ति की आंखों से निकलने वाले डिस्चार्ज के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स पर्क में आने के द्वारा यह फैलता है। संक्रमण एक या दोनों आंखों में हो सकता है। यह काफी संक्रामक है बहुत तेजी से फैलता है और 4 से 5 दिनों तक रहता है। एक या दोनों आंखों में जलन या खुजली, असामान्य रूप से अधिक आंसू निकलना, आंखों से पानी जैसा गाढा डिस्चार्ज आना, आंखों में सूजन आना, आंखों में किरकिरी जैसा महसूस होना। सामाजिक दूरी बनायें, व्यक्तिगत स्वच्छता, आंखों को हाथों से न छूएं, हाथों को बार-बार धोयें, निजी उपयोगी की सामग्री जैसे- पैन, मोबाईल, तौलिया, रूमाल, आई कॉस्मेटिक आदि को किसी से साझा न करें, आंखों का संक्रमण है तो चिकित्सीय सलाह लेकर ही उपचार करवायें। संक्रमित बच्चों को 4 से 5 दिनों तक स्कूल न जाने दें। अधिक भीड़ वाली जगह में न जाने दें, धूल आदि से आँखों की सुरक्षा करें। जिला चिकित्सालय मण्डला एवं स्कूल, छात्रावास में मेडिकल टीम द्वारा आंख के रोगियों का इलाज किया गया।

# हम फाउण्डेशन मध्यप्रदेश बना निक्षय मित्र

**दूसरा चरण पोषण आहार वितरण का**

**हम फाउंडेशन मण्डला शाखा ने 6 टी.बी. मरीज को लिया गोद**

मंडला यशोः- राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउण्डेशन भारत के मध्यप्रदेश संगठन द्वारा मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स पूर्ण मध्यप्रदेश में 100 से अधिक सदस्य पदाधिकारियों ने टी बी मरीजों को पौष्टिक आहार वितरण कर निक्षय मित्र बनकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टी बी मुक्त भारत योजना में अपना सहयोग प्रदान किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड निशिकान्त चौधरी के नेतृत्व में इस योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु एक समिति का गठन कर प्रदेश समन्वयक के रूप में प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष मालवा प्रान्त पूर्व उपायुक्त राकेश कुमार जैन को नियुक्त किया गया है तथा समस्त जिलों में जिला समन्वयक बनाये गए है। निरंतर छ माह चलने वाले इस योजना में प्रतिमाह निक्षय मित्रों के माध्यम से पीडित मरीजों को राशन सामग्री वितरित की जा रही है जिसमे जबलपुर 20 , ग्वालियर 10 , खण्डवा 12 , इंदौर 6 , उज्जैन 6 , मण्डला 6 , बालाघाट 6 , छत्तरपुर 6 आदि जिलों में सँ यानुरूप वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एड निशिकान्त चौधरी ने बताया कि यह योजना आवश्यकतानुसार नियमित रूप से संचालित होगी।

हम फाउंडेशन मण्डला जिला शाखा के निक्षय मित्रों द्वारा टी बी मरीजों को पौष्टिक आहार वितरण दुसरा बार किया गया। हम फाउंडेशन मण्डला शाखा ने वर्तमान में 6 टी बी मरीजों को गोद लेकर अपना सहयोग प्रदान किया है फाउंडेशन में सहयोगियों की सं या बढ़ने पर आगे और भी मरीजों को गोद लिया जाएगा। इस योजना में जिला मण्डला से संरक्षक बी. के राय, जिला अध्यक्ष दीनदयाल कु हरे, महामंत्री पूजा ज्योतिषी, महिला अध्यक्ष नाहिद तबस्सुम द्वारा 6 टी बी मरीजों को छः महीने तक पौष्टिक आहार ( चार किलो आटा, एक किलो तुअर दाल, एक किलो रोस्टेड चना फूटा, दो किलो फल्ली दाना ) वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन विजय धुर्वे, जिला निक्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर, प्रांतीय संयोजक प्रचार प्रसार अखिलेश सोनी, सदस्य निशा वर्मा,स्वाति चौरसिया, माही जी का विशेष रूप से सहयोग मिल रहा है आज के इस कार्यक्रम में हम फाउंडेशन के सदस्य एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही ।

# स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को बतलाई गई ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया



मंडला यशोः- जिला प्रशासन द्वारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता गतिविधियों आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में नारायणगंज सहित आदि ग्रामों में गांव-गांव जाकर मतदाता जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर मतदाता को उनके मताधिकार की जानकारी देते हुए उन्हें अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही हैं।

# 1160 आवेदकों को 10 मिनिट में मिले आय एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र

## 15 सितंबर तक होगी सीएम जनसेवा के तहत विविध गतिविधियां

मंडला यशोः- लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 16 से 18 अगस्त के मध्य लोक सेवा केन्द्र आने वाले 1160 हितग्राहियों को 10 मिनिट में ही आय एवं मूल निवासी के प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किये गये।

इस संबंध में लोक सेवा प्रबंधक कविता गुप्ता ने बताया कि लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत 15 अगस्त से 15 सित बर तक विविध गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं जिसके तहत 16 से 18 अगस्त के मध्य 428 आवेदकों को आय तथा 732 आवेदकों को मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किये गये। सभी 1160 आवेदकों को मात्र 10 मिनिट में ही प्रमाण बनाकर प्रदान किये गये। लोक सेवा केन्द्रों के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से 21 अगस्त को जनसेवा मित्रों का भ्रमण हेतु लोकसेवा का प्रशिक्षण, 22 एवं 23 अगस्त को संकुल प्राचार्यों का उन्मुखीकरण, जनसेवा एवं लोकसेवा केन्द्रों की कार्यप्रणाली के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जायेगा। दिनांक 24, 25 एवं 26 अगस्त को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं का जनसेवा एवं लोकसेवा का कार्यप्रणाली के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम होगा। 29 अगस्त कक्षा 9 से 12 तक के छात्राओं का लोक सेवा केन्द्र एवं जिला नियंत्रण कक्ष 181 का भ्रमण कराया जायेगा। दिनांक 1, 2 एवं 4 सितंबर को जनसेवा मित्रों के माध्यम से ग्राम स्तर तक सेवा संबंधी सामग्री का वितरण होगा। लोक सेवा प्रबंधक ने बताया कि 5, 6 एवं 7 सितंबर को स्कूलों में निबंध, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन तथा पुरस्कार का वितरण किया जाएगा।

# स्नेह यात्रा अंजनिया से प्रारंभ होकर बिछिया विकासखंड के हनुमान टेकरी पहुंची

## स्नेह यात्रा का मेढाताल, घोंट, चंगरिया, औरई, बिछिया नगर और सिझौरा में भव्य स्वागत

मंडला यशोः- प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के द्वारा संत समाज के नेतृत्व में स्नेह यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस यात्रा में म.प्र.जन अभियान परिषद् म.प्र.शासन के साथ रामचंद्र मिशन, गायत्री परिवार, पतंजलि- भारत स्वाभिमान परिवार सहयोगी संस्था के रुप में सहयोग कर रही हैं। स्नेह यात्रा में चल रहे मु य वक्ता स्वामी सच्चिदानंद जी - देववप्पा आश्रम सुरंगदेवरी ने कहाँ राजसत्ता हमेशा समाज सत्ता के हित के कार्य करती रही हैं और करते रहेगी, परन्तु संत सत्ता इन दोनों सत्ताओं को समय-समय पर मार्गदर्शन देती रही हैं। स्नेह यात्रा भी उसी कार्य का हिस्सा हैं। इस यात्रा का जैसा नाम उस तरीके से हमारा उद्देश्य भी हैं...

मंडला जिले की स्नेह यात्रा शनिवार सुबह 9.00 बजे अंजनिया स्थित दुर्गा मंदिर की आरती पूजन कर प्रारंभ होकर मेढाताल, घोंट, औरई, बिछिया नगर, सिझोरा होते हुए हनुमान टेकरी आश्रम में रात्रि पडाव रहा। इस यात्रा में प्रमुख रूप से प.पू.स्वामी श्री शारदात्मानंद जी महाराज (राज्य अतिथि दर्जा), श्री रामकृष्ण सेवाश्रम-देवदरा के साथ स्वामी सच्चिदानंद जी - देववप्पा आश्रम सुरंगदेवर, संत श्री खडेश्वरी महाराज जी-हनुमान टेकरी आश्रम बिछिया, स्वस्तिवाचन वाचन पतंजलि परिवार से रामगोपाल पटेल जी, भारत स्वाभिमान से दयाशंकर जोशी जी, गायत्री परिवार से श्री कृष्ण धर दुबे जी, बद्री पटेल जी, राजेन्द्र ठाकुर अपना बहुमूल्य समय दे रहे हैं।

कल की यह यात्रा अंजनिया से शुरू होकर औरइ में दोपहर भोजन विश्राम रहा। दोपहर विश्राम पश्चात बिछिया नगर, सिझोरा होते हुए हनुमान टेकरी आश्रम में पहुंची। आज 20 अगस्त को सुबह 9 बजे हनुमानजी की पूजन-आरती के पश्चात शुरू होगी। आज यह यात्रा मवई विकासखंड में प्रवेश करेगी। यात्रा का जगह- जगह ढोल- नगाड़े बजाकर, पुष्प वर्षा कर, महिलाएं कलश लेकर स्वागत कर रही हैं।

जिले की स पूर्ण यात्रा का संयोजन म.प्र.जन अभियान परिषद् के जिला समवंयक श्री राजेंद्र चौधरी जी और बिछिया वि.खं. का संयोजन श्रीमती कीर्ति सोनी जी कर रही हैं। इनके साथ विकासखंड की नवांकुर संस्थाएँ, समस्त परामर्शदाता एवं जन अभियान परिषद् की प्रस्फुटन समितियों के लोग और सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्रों की भागीदारी महत्वपूर्ण रही हैं

# दीनदयाल स्पर्श छात्रवृति योजना के लिए आवेदन की तिथि 15 सित बर तक

मंडला यशोः- भारतीय डाक विभाग फिलैटली छात्रवृति योजना 'दीन दयाल स्पर्श योजना' वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 9 तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जाएगी। छात्रवृति की राशि रुपए 6 हजार रूपए एक वर्ष के लिए होगी। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट से अथवा संबंधित प्रवर अधीक्षक डाकघर/अधीक्षक डाकघर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मंडला व डिंडोरी जिले के विद्यार्थी अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग मंडला के कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**योजना के लिए पात्रता शर्ते**

आवेदक को संबंधित विद्यालय में स्थित फिलैटली` लब का सदस्य होना चाहिए, यदि किसी विद्यालय में फिलैटली` लब नहीं है तो विद्यार्थी/प्रीतियोगी का किसी भी डाकघर में सक्रिय फिलैटली जमा खाता होना चाहिए, बिना फिलैटली जमा खाते के आवेदनो पर विचार नहीं किया जावेगा। छात्रवृत्ति की राशि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6वीं से 9वीं तक के नियमित छात्रों को वार्षिक आधार पर वितरित की जाती है। प्रतियोगी का विगत परीक्षा का परिणाम 60 प्रतिशत अथवा समांतर ग्रेड से अधिक होना चाहिए।

**चयन प्रक्रिया में 02 (दो) स्तर होंगे**

लिखित क्विज परीक्षा 24 सितंबर 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसमे 50 बहुविकल्पीय प्रशन समसामयिकी, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खेल, संस्कृति प्रत्येक से 5 प्रश्न एवं स्थानीय व राष्ट्रीय फिलैटली से संबंधित क्रमशः 10 एवं 15 प्रश्न रहेंगे, लिखित क्विज की समय अवधि एक घंटा रहेगी। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र द्वारा स्थान एवं समय की सूचना दी जावेगी। लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई भी यात्रा व्यय देय नहीं होगा। स्तर 2- लिखित क्विज में चयनित विद्यार्थियों को स्तर 2 में भाग लेने हेतु फिलैटली प्रोजें ट प्रस्तुत करना होगा, फिलैटली प्रोजे ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 नव बर 2023 तक रहेगी। फिलैटली प्रोजे ट हेतु विषय अलग से सूचित किये जाएंगे। उक्त छात्रवृत्ति योजना में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर मे उपलब्ध होंगे तथा निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र अन्तिम तारीख को समय 4 बजे तक या उसके पहले अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग मंडला के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड, स्पीडपोस्ट, साधारण डाक के माध्यम से भेजा जाना है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से दीनदयाल स्पर्श छात्रवृति योजना वर्ष 2023-24 लिखा हुआ होना आवश्यक है। आवेदन पत्र प्रेषित करने की समय सीमा 15 सित बर 2023 को शाम 4 बजे तक है। इसके बाद प्राप्त आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र पर पता नि नानुसार होगा- (अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग, मंडला पिन- 481661) अधीक्षक डाकघर का पता अपने निकटतम डाकघर से प्राप्त किया जा सकता है।

# पुनरीक्षण के तहत मतदान केन्द्रों में लगे शिविर



मंडला यशोः- फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत आज 19 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आयोजित किये गये। अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, समस्त एसडीएम तथा से टर अधिकारियों ने आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनरीक्षण की कार्यवाही का अवलोकन के दौरान आवश्यक निर्देश भी दिये। इन शिविरों में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, मृत अथवा बाहर जा चुके व्यक्तियों के नाम काटने के लिए फॉर्म-7 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरने की कार्यवाही की गई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297